<u>तत्काल प्रकाशन के लिए</u>

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 60/2023)

<u>"डिजिटल संचार क्षेत्र में विनियामक सैंडबॉक्स के माध्यम से नवीन प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और बिजनेस मॉडल को प्रोत्साहित करना" इस विषय पर भादूविप्रा के परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।</u>

नई दिल्ली, 17 जुलाई 2023: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 19 जून, 2023 को "डिजिटल संचार क्षेत्र में विनियामक सैंडबॉक्स के माध्यम से नवीन प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और बिजनेस मॉडल को प्रोत्साहित करना" इस विषय पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से लिखित टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17 जुलाई, 2023 और प्रति-टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 1 अगस्त, 2023 निर्धारित की गई थी।

2. टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने के लिए समय विस्तार के हितधारकों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः 31 जुलाई, 2023 और 16 अगस्त, 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियाँ, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, श्री संजीव कुमार शर्मा, सलाहकार (ब्रॉडबैंड और नीति विश्लेषण), भादूविप्रा को ईमेल आईडी: advbbpa@trai.gov.in पर और एक प्रति jtadv-bbpa@trai.gov.in पर भेजी जा सकती है । किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री संजीव कुमार शर्मा, सलाहकार, (ब्रॉडबैंड और नीति विश्लेषण) से टेलीफोन नंबर - +91-11-23236119 पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ताक्षरित

(वी. रघुनंदन)

सचिव, भादूविप्रा